# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 21.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की

**(2).** आज दिनाँक 21.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में श्रवण मास के दौरान शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(3).** आज दिनाँक 21.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में निरिक्षक एलआईयू श्री सूर्य कांत अरुण राय के नेतृत्व में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 23.08.2024 से प्रारम्भ होने वाली आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण, सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत जनपद के सभी 06 परीक्षा केंद्रों की

सघन चेकिंग की गई। इस दौरान परीक्षा केन्द्र सीआईसी, जीजीआईसी, गंगा प्रसाद इण्टर कालेज, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ी पुलिया, जगद्गुरु दिव्यांग राज्य महाविद्यालय सीतापुर, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इण्टर कालेज सीतापुर को स्थलीय भ्रमण कर सघन चेकिंग की गयी।

**(4).** आज दिनाँक 21.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

**(5).** आज दिनाँक 21.08.2024 को विभिन्न राजनितिक पार्टियों द्वारा किये गये भारत बंद के आह्वान को लेकर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा कर्वी शहर एवं रेलवे स्टेशन का भ्रमण किया गया। इस दौरान शांति व्यवस्था डियूटी पर तैनात पुलिस बल को चेक कर सतर्कतापूर्वक डियूटी करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान यह भी कहा गया कि आम आदमी के आवागमन का विशेष ध्यान देते हुये अपनी डियूटी का संपादन करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(6).** आज दिनाँक 21.08..2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में दिनाँक 23,24,25,30 तथा 31.08.2024 को होने वाली उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा डियूटी की रिहर्सल करायी गयी। उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा डियूटी में लगे हुये समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण समय पर अपने-अपने परीक्षा केन्द्र/डियूटी पॉइंट पर पहुंचे तथा सभी परीक्षा केन्द्रों में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया । डियूटीरत अधिकारी/कर्मचारी किस प्रकार से डियूटी करेंगे बताया गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर स्थित स्ट्रांग रुम से डियूटियां रवाना की गयी तथा परीक्षा केन्द्र सीआईसी का भ्रमण कर रिहर्सल डियूटी पर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को चेक किया गया।
इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर श्री सौरभ यादव,उपजिलाधिकारी राजापुर श्री प्रमोद झां, उपजिलाधिकारी मानिकपुर श्री पंकज वर्मा, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जयकरन सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभिया के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी खण्डेहा उ0नि श्री विनय विक्रम सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी प्रवीण पाण्डेय द्वारा अभियुक्त अनिल निषाद पुत्र रामप्रसाद निवासी मण्डौर थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।